कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-22.01.2025

विषयः- चोरी के टुल्लू पम्प/मोटर के साथ अभियुक्त पंकज कुमार थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0- 744/25 धारा 305(ए) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 का सफल अनावरण करते हुए मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र स्व0 रामाश्रय निवासी मुनारी (बकैनी) थाना चौबेपुर वाराणसी को आज दिनांक- 22.01.2025 को समय करीब 03.50 बजे खेतलपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 01 अदद टुल्लू पम्प/मोटर बरामद हुआ। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना चौबेपुर में अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण- दिनांक 17.11.2024 को वादी मुकदमा द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरे निर्माणाधीन मकान से टुल्लू,समर सेबल, घडरिंग का सामान चोरी हो गया जिस सम्बन्ध में थाना चौबेपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ.नि. जितेन्द्र सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त पंकज कुमार ने पूछताछ करने पर बताया कि इस प्लास्टिक की बोरी में टूल्लू पम्प/ मोटर है जिसको मैने पूरनपट्टी थाना चौबेपुर वाराणसी के एक निर्माणाधीन मकान से चुराया था, जिसको आज मै बेचने ले जा रहा था कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

पंकज कुमार पुत्र स्व0 रामाश्रय निवासी मुनारी (बकैनी) थाना चौबेपुर वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान-

दिनांक-22.01.2025 को समय करीब 03.50 बजे, खेतलपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

बरामदगी विवरण-

चोरी की 01 अदद टुल्लू पम्प/मोटर।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 0744/2024 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
2.उ0नि0 शिवप्रकाश वर्मा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
3.उ0नि0 कमल सिंह यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
4.हे0का0 अजय कुमार तिवारी थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी
5.का0 जुगुनू पासवान थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी